Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7539	09.07.2023	12.07.2023	Mahoba Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/mahoba/three-died-due-to-fever-and-diarrhea-mahoba-news-c-225-1-sknp1045-140-2023-07-09
Title:	**Three died due to fever and diarrhoea in Mahoba, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Mahoba, SSU- Uttar Pradesh			

जिले में संक्रामक बीमारियां कहर बरपा रही हैं। शनिवार को बुखार व डायरिया से ग्रसित गर्भवती महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

करीब एक माह से मौसम का मिजाज बदला है। कभी दिन में तेज धूप व उमस तो कभी रिमझिम बारिश से जिले में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। शनिवार को जिला अस्पताल में सुबह आठ बजे से मरीजों व तीमारदारों की भीड़ लगने लगी। दवा लेने से लेकर डॉक्टर को दिखाने तक के लिए मरीजों को लाइन में लगकर घंटों में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। दोपहर तक ओपीडी में 771 मरीजों को दवाएं देकर उपचार किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के बम्हौरी गोसाई निवासी कमलगिरि (65) दो दिन से बुखार से पीड़ित था। शुक्रवार की शाम अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। उधर, फतेहपुर के शाहबाजपुर निवासी सूरज (20) मौसेरे भाई शंकर के साथ कर्नाटक में टेलरिंग का काम करता था। शनिवार को दोनों बस से झांसी से बांदा होते हुए फतेहपुर जा रहे थे। महोबा में सूरज की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। यहां मृत घोषित कर दिया। मौसेरे भाई ने बताया कि वह तीन दिन से बुखार से पीड़ित था।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

इसी तरह शहर के नयापुरा बंधानवार्ड निवासी प्रियंका प्रजापति (26) पांच दिन से डायरिया से पीड़ित थी। परिजनों ने सरकारी व प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया, लेकिन कोई आराम नहीं मिला। शुक्रवार की देर रात उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला पांच माह की गर्भवती बताई जा रही है। जिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश भट्ट का कहना है कि अस्पताल में गंभीर हालत में उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित होकर आने वाले मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। अन्य मरीजों को दवाएं व जरूरी सलाह दी जा रही हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC